तेरी किरपा से सँवारे सब कुछ है मैंने पा लिया

तेरी किरपा से सँवारे सब कुछ है मैंने पा लिया,
जब से मिला है दर तेरा जीना है मुझको आ गया,
तेरी किरपा से सँवारे सब कुछ है मैंने पा लिया,

मैं तो गमो की धुप में बेखौफ चल रहा,
पल पल में मेरा संवारा किस्मत बदल रहा,
तेरी किरपा ने सँवारे मेरा हर डर मिटा दियां
तेरी किरपा से सँवारे सब कुछ है मैंने पा लिया,

मैंने तो अपनी जीवन नइयां करदी तेरे हवाले,
अब तो है तेरी मर्जी तू दोबरा पार लगा दे,
मेरा खोया भरोसा तूने पल में जगा दियां,
तेरी किरपा से सँवारे सब कुछ है मैंने पा लिया,

मैंने तो जब भी सँवारे तुम को है पुकारा,
आके मेरे सामने मुझको दियां सहारा,
मेरे उदास को मन को तूने पल में हसा दियां,
तेरी किरपा से सँवारे सब कुछ है मैंने पा लिया,

आँखों में आंसू भगतो के नहीं देखता बिहारी,
भगतो का मान रखते है मेरे मोहन बिहारी,
मैंने तो श्याम चरणों में मन को लगा लिया,
तेरी किरपा से सँवारे सब कुछ है मैंने पा लिया,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11960/title/teri-kirpa-se-sanware-sab-kuch-hai-maine-pa-liya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |